न्यायालय उपखण्ड अधिकारी इटावा जिला कोटा राज०

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी इटावा जिला कोटा
पीठासीन अधिकारी– हेमन्त कुमार घनघोर आर०ए०एस०

मिसल संख्या	तारीख दायरा	तारीख फैसला
10/2020	17/09/2020	28/11/2025

सीताराम उर्फ गजानंद पुत्र रामनाथ जाति मीणा नि० किशनवास तह० पीपल्दा कोटा

प्रार्थी

बनाम

1. किशकिंधा पुत्री रामल्याण
2. गिरिराज पुत्र रामकल्याण
3. भूलीबाई पत्नी जगन्नाथ
4. भीमबाई पुत्री जगन्नाथ
5. मुरारीलाल पुत्र जगन्नाथ
6. महावीर पुत्र बालमुकन्द
7. मागीबाई पुत्री जगन्नाथ
8. माधो पुत्र भंवरलाल
9. रुकमणी पुत्री भंवरलाल
10. रूपीबाई पत्नी स्व. बालमुकन्द
11. रामचरण पुत्र जगन्नाथ जातियान मीणा निवासीगण निवास तह पीपल्दा जि० कोटा राज
12. राज. सरकार जरिये तहसील पीपल्दा जिला कोटा

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी के संयुक्त खाते एवं कब्जे काश्त की कृषि आराजी संवत 2076–79 की ग्राम किशनवास पटवार क्षेत्र रनोंदिया, भू0अभि0निरी0 क्षेत्र विनायका तह0 पीपल्दा में ख0नं. 159 रकबा 1.29है0, ख0नं0. 160 रकबा 1.19है0, ख0नं0 276 रकबा 0.04 है0, ख0नं0 277 रकबा 0.73है0, ख0नं0 278 रकबा 0.16है0, ख0नं0 279 रकबा 0.47है0, ख0नं0 313 रकबा 0.85है0, ख0नं0 314 रकबा 1.69 है. ख0नं0 382 रकबा 0.13है0, ख0नं0 383 रकबा0.17है0, ख0नं0 384 रकबा 0.05 है0, ख0नं0 424 रकबा 0.32है0, ख0नं0 54 रकबा 2.80 है0, कुल किता 13 की कुल रकबा 9. 89है0, भूमि स्थित है, जिसके राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम गजानंद पुत्र रामनाथ जाति मीणा निवासी किशनवास तहसील पीपल्दा जिला कोटा राज हिस्सा 1/6 भूमि दर्ज चली आ रही है, प्रार्थी का वास्तविक नाम सीताराम पुत्र रामनाथ के स्थान पर गजानंद पुत्र रामनाथ राजस्व रिकार्ड में दर्द चला आ रहा है, जबकि प्रार्थी को बचपन से ही सीताराम के नाम से ही जाना जाता है, प्रार्थी के पात राजस्व रिकार्ड के अलावा समस्त रेकार्ड राशनकार्ड, पहचान पत्र भामाशाह कार्ड आदि रेकार्ड में सीताराम के नाम से जाना जाता है, प्रार्थी के पिता की मृत्यु के बाद जरिये फोती नामान्तरण/इंतकाल में हल्का पटवारी द्वारा सहवन से सामान्य प्रचलन के नाम गजानंद को ही राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर दिया गया जिससे प्रार्थी को राजस्व संबंधित समस्त कार्यों में काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है, जिससे दुरूस्त करवाने का प्रार्थी अधिकारी है प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीकम 12 राज सरकार के प्रतिनिधि श्रीमान तहसीलदार महोदय पीपल्दा जो प्रार्थना पत्र में अप्रार्थी कम 12 है. से कई मर्तबा उक्त नाम त्रुटि को दुरूस्त करने का अनुरोध किया गया लेकिन अप्रार्थी क्रम 12 स्पष्ट मना कर दिये जाने पर प्रार्थी को मजबूरन न्यायालय की शरण में आकर प्रार्थना पत्र पेश करना पड़ा तथा अप्रार्थी क्रम 1 ता 11 राजस्व रिकार्ड से संयुक्त खातेदार होने से फोरमल पक्षकार बनाये गये है, इनसे कोई अनुतोष नही चाहा गया है। पहचान पत्र भामाशाह राशनकार्ड एवं ग्राम पंचायत के सरपंच की तस्दीक तहरीर प्रार्थना पत्र के समर्थन में संलग्न है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर माननीय न्यायालय से निवेदन है कि प्रार्थना पत्र से वर्णित उक्त कृषि आराजी के राजस्व रिकार्ड में दर्ज प्रार्थी के नाम गजानंद पुत्र रामनाथ के स्थान पर सीताराम पुत्र रामनाथ दर्ज किये जाने के आदेश अप्रार्थी क्रम 12 को प्रदान किये जाने की कृपा है।

प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र रमेश बैरवा एड0 ने पेश किया। रिपोर्ट सरिस्ता का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजि0 किया जाकर अप्रार्थीगण की तलबी जर्ये सम्मन की गई। अप्रार्थीकम 1 ता 11 काफी अवसर दिए जाने के बावजूद जवाब पेश नहीं करने पर जवाब बंद किया गया। जवाब सरकार प्राप्त है। जो अग्रलिखित है। ग्राम किशनवास खाता सं0 57 पर दर्ज खातेदार गजानन्द पुत्र रामनाथ जाति मीना नि0 किशनवास के बारे में ग्रामवासियान किशनवास से जानकारी ली गई। ग्रामवासियान किशनवास ने बताया कि खातेदार गजानन्द पुत्र रामनाथ मीना नि0 किशनवास का सही नाम सीताराम पुत्र रामनाथ है। इसे गजानन्द तथा सीताराम दोनों नामों से जाना जाता है तथा दोनो व्यक्ति एक ही है तथा रामनाथ के पुत्र है। बहस सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों व बहस के तथ्यों का अवलोकन व मनन करने पर पाया कि राशनकार्ड, पहचान पत्र, भामाशाह कार्ड आदि में प्रार्थी का नाम सीताराम पुत्र रामनाथ है तथा जवाब सरकार में भी गजानन्द तथा सीताराम दोनों एक ही व्यक्ति है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार पीपल्दा को आदेश दिया जाता है कि ग्राम किशनवास पटवार क्षेत्र रनोंदिया, भू0अभि0निरी0 क्षेत्र विनायका तह0 पीपल्दा में ख0नं. 159 रकबा 1.29है0, ख0नं0. 160 रकबा 1.19है0, ख0नं0 276 रकबा 0.04 है0, ख0नं0 277 रकबा 0.73है0, ख0नं0 278 रकबा 0.16है0, ख0नं0 279 रकबा 0.47है0, ख0नं0 313 रकबा 0.85है0, ख0नं0 314 रकबा 1.69 है. ख0नं0 382 रकबा 0.13है0, ख0नं0 383 रकबा0.17है0, ख0नं0 384 रकबा 0.05 है0, ख0नं0 424 रकबा 0.32है0, ख0नं0 54 रकबा 2.80 है0, कुल किता 13 की कुल रकबा 9.89है भूमि में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गजानन्द पुत्र रामनाथ के स्थान पर सीताराम पुत्र रामनाथ जाति मीना नि0 किशनवास राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद किया जावे।

(signature)

उपखण्ड अधिकारी
इटावा जिला कोटा